

# स्वच्छता के प्रति सजग,पेयजल टंकी की सफाई के साथ वार्डों में पानी वितरण के लिए सैंपल

▸ प्रतिदिन होगी निगरानी, लापरवाही पर होगी त्वरित कार्रवाई : सीएमओ आशा

**पेटलावद। नगर परिषद पेटलावद द्वारा नगरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। जल आपूर्ति, गुणवत्ता परीक्षण एवं संधारण को प्राथमिकता देते हुए परिषद द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है।**

नगर क्षेत्र में स्थित सभी पेयजल टंकियों का नियमित निरीक्षण कर उनकी विधिवत सफाई कराई जा रही है तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं सुधार कार्य भी किए जा रहे हैं, जिससे जल भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों में जल वितरण के दौरान सैंपल लेकर जांच की व्यवस्था की गई है। शासन के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन वार्डों में वितरित होने वाले पानी की सैंपलिंग की जा रही है।

जिला प्रशासन एवं अनुविभागीय अधिकारी तनुश्री मीणा के निर्देश पर नागरिकों की सुविधा हेतु नगर परिषद द्वारा जल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक हेल्पलाइन सेवा प्रारंभ की गई है, जिससे नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेन्द्र भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को नगर के विभिन्न वार्डों के साथ-साथ फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया, वहीं रविवार को वार्ड क्रमांक 11 एवं 13 में टंकियों व नल से जल सैंपल



लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 5 में स्थित पानी की टंकी की संपूर्ण सफाई कराई गई।

सीएमओ ने बताया कि शासन की नगरीय जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत एम.पी.यू.डी.सी. विभाग के माध्यम से अहमदाबाद की कंपनी पी.सी. स्नेहल द्वारा नगर में पेयजल आपूर्ति, वितरण, संचालन एवं संधारण का कार्य किया जा रहा है। कंपनी प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जल आपूर्ति कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रतिदिन निर्बाध एवं सुचारू जल वितरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी तकनीकी या वितरण संबंधी समस्या की स्थिति में तत्काल सुधार कार्य किया जाए।

इसी क्रम में नगर परिषद के कर्मचारियों एवं कंपनी के संयुक्त प्रयास से वार्ड क्रमांक 11 में गांधी चौक के समीप स्थित एक वाल्व को दुरुस्त कर जल आपूर्ति को पुन: सुचारू किया गया।

सीएमओ आशा भंडारी ने बताया कि नगर परिषद पेटलावद द्वारा जल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु मोबाइल नंबर 9753418247 जारी किया गया है, जिस पर नागरिक संपर्क कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मांडू की खिली-खुली वादियों में खुला दोस्तों का मन

**धार /मांडू.** । विंध्य पर्वत पर 13 किमी क्षेत्र में फैले ऐतिहासिक किले मांडू की वादियों में धार मित्र मंडल के इंदौर, धार व अन्य नगरों में निवासरत दोस्तों ने पर्यटन के साथ मिलन समारोह मनाया. मांडू की खिली-खुली वादियों में दोस्तों ने दिल खोलकर मस्ती की. लग ही नहीं रहा था कि उम्रदराज हो गए हैं. नीलकंठेश्वर महादेव के अभिषेक-मंत्रोच्चार के बाद दर्शनीय स्थलों का भ्रमण शुरू हुआ, जो राम मंदिर, जैन मंदिर के दर्शन पर थमा. जैन मंदिर में स्वादिष्ट भोजन से तृप्ति के बाद यहां आयोजित मिलन समारोह में धार महाविद्यालय की यादों के सफर का सिलसिला प्रारंभ हुआ. सबने अपने पढाई के बाद कामकाज से लेकर सेवानिवृति के उपरांत तक की बातें रखी. इस दौरान कुछ अनछुए पहलू भी उजागर हुए. सभी दोस्तों ने इसका मजा लिया. कविता-शायरी के बीच

अश्विनी व्यास और जोगसिंह डंग ने बेहतरीन तराने प्रस्तुत किए. इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर राकेश व्यास, मुरलीदास महंत, का स्वागत किया गया. मंच संचालन डॉ. अनिल गंगवाल ने किया. इस समारोह में शामिल दोस्तों प्रकाश राजवैद्य, डॉ. अनिल गुप्ता, राकेश व्यास, मुरली दास महंत, प्रमोद पाठक, महेश राठौड़, भगवान लाल वर्मा, राजेन्द्र योगी, अश्विनी व्यास, कैलाश पुरोहित, दशरथ सिंह राठौड़, संजय व्यास, अनिल मांडलिक, डा. अनिल गंगवाल, सुनील सुरंगे, जोग सिंह, राजेन्द्र पांडे, सुधीर अभ्यंकर, सतीश पाठक, अशोक मंगल ने अपने महाविद्यालय छोडने् से अब तक के 45 वर्षों के जीवन सफर को साझा किया.

## एक नजर में

### कलेक्टर माथुर के निर्देशानुसार जोबट नगर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था का किया निरीक्षण



**आलीराजपुर।** अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र सिंह बघेल द्वारा मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजनान्तर्गत नगरीय क्षेत्र जोबट में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया ।योजनांतर्गत 02 पानी की टंकी तहसील कार्यालय के पीछे स्थापित है। दोनो पानी टंकी की साफ-सफाई करवाई गई ।इसके साथ-साथ देहदला फिल्टर प्लान्ट व कुँआ की साफ-सफाई भी पूर्ण की गई तथा नगर के विभिन्न वार्डो मे पानी वितरण के दौरान पानी का सेम्पल लेकर पानी की जाँच के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) जोबट को निर्देशित किया ।वर्तमान में नगरीय क्षेत्र जोबट में पानी लिंकेज के सम्बन्ध में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है लिंकेज सम्बधित शिकायत प्राप्त होने पर नगर परिषद जोबट द्वारा तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए ।

### कैंपस में उद्घाटन समारोह एवं फन फेयर का किया आयोजन



**आलीराजपुर** । चंद्रशेखर आज़ाद नगर (भाभरा) स्थित *SCAPS* कैंपस, दाहोद रोड पर आज प्रात: 11 बजे उद्घाटन समारोह एवं फन फेयर का भव्य आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के मंत्री नागर सिंह चौहान रहे ।अन्य अतिथि के रूप में जोबट के पूर्व विधायक श्री माधो सिंह डावर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि चौहान ने उद्घाटन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों और युवाओं में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता का विकास होता है।उन्होंने शिक्षा के साथ मनोरंजन एवं संस्कारों के समन्वय पर भी बल दिया।

### आलीराजपुर और मध्य प्रदेश के लिए गर्व वेदिका महेश पटेल रावत का राइफल शूटिंग में इंडिया टीम ट्रायल चयन

**आलीराजपुर** । आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल और जोबट विधायक सेना महेश पटेल ने साझा किया कि उनकी बेटी वेदिका महेश पटेल रावत का 10 मीटर एवं 50 मीटर राइफल शूटिंग में इंडिया टीम ट्रायल्स (जूनियर एवं यूथ वर्ग) के लिए चयन हुआ है। वेदिका ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने मध्य प्रदेश स्टेट शूटिंग अकादमी, भोपाल में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया।

# बजरंग दल का शौर्य संचलन : हिंदुत्व की सुरक्षा और एकता का सशक्त संदेश

**मनावर।** ननगर में बजरंग दल द्वारा भव्य एवं अनुशासित शौर्य संचलन का आयोजन किया गया, पुर्वजों द्वारा किए गए शौर्य का स्मरण एवं शौर्य जागरण हेतु नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकला। शौर्य संचलन ने हिंदू समाज की एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक गौरव को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया गया ।संचलन के दौरान नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर मंच लगाकर पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ स्वागत किया। नगर में उत्साह, ऊर्जा और गौरव का वातावरण देखने को मिला ।गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा वर्ग इस आयोजन में सहभागी बने।

कार्यक्रम को महामंडलेश्वर



श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर नरसिंहदास जी महाराज ने आशीर्वचन देते हुए युवाओं को धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। वहीं भोपाल क्षेत्र ( मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़) नैतिक शिक्षा प्रमुख सुनील शर्मा जी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से युवाओं में संगठन, सेवा और समर्पण का भाव भर दिया।

इस अवसर पर प्रांत संयोजक नितिन पाटीदार, व विभाग संगठन मंत्री सुरेश गुर्जर एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रदीप सोनी मंचासीन रहे। शौर्य संचलन विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल के प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव के नेतृत्व ओर मार्गदर्शन में किया गया। शौर्य संचलन नगर के विभिन्न मार्गों से अनुशासन, एकता और सेवा भावना के साथ निकला ।

# परमार्थ शिविर से परमार्थ की भावनाएं पुष्ट हुई

**मनावर। श्वेतांबर जैन श्रीसंघ के बच्चो के परमार्थ शिवीर का समापन कार्यक्रम श्री महावीर हीरा रतन भवन मे संपन्न हुआ। अखिल भारतीय साधुमार्गी संघ के आह्वान पर शीतकालीन पंच दिवसीय शिविर का आयोजित किया गया 7 जिसमे समाज के 60 बच्चो ने धार्मिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक अनुशासन के सूत्र भी सीखे।**

श्रीसंघ अध्यक्ष प्रवीण खटोड ने सफलतम आयोजन पर युवाओ और शिक्षिकाओ के रुप मे भाग लेने वाले बच्चो की अनुमोदना की। मनोहर ओरा ने पुन: ऐसे ज्ञान वृद्धि के शिवीर आयोजन की बात सभी के समक्ष रखी। स्नेहा ओरा व सारिका नवलखा ने भी अपने विचार रखे। समाज की महिलाओ मे शिक्षिका के रूप मे मंजु काकरेचा, सपना ओरा, दीपिका नवलखा, खुशबु काकरेचा, नीता नवलखा, ज्योति खटोड, ऊषा





ओरा, रजनी जैन, मोनिका ओरा, संगीता मेहता, स्वाती ओरा आदि का विशेष सहयोग रहा।। शिवीर की पूरी रूप रेखा बनने मे मुख्य रूप से अर्पित काकरेचा, सौरभ नवलखा, सिद्धार्थ ओरा, शरद नवलखा, हर्षित काशमीया, सौरभ खटोड आदि युवाओ का अहम रोल रहा एवं प्रमुख रुप से संतोष काकरेचा, सुबाहु फूलेरा, अशोक काकरेचा, रितेश फूलेरा, अमित नाहर, राहुल काकरेचा, अश्विन खटोड, राकेश खटोड आदि भी उपस्थित थे। दैनिक प्रभावना और स्वल्पाहार की भी व्यवस्था करने वालो की भी अनुमोदना की गई। आकेश नवलखा ने बताया कार्यक्रम के अंत मे शिविरार्थियो को ईनाम व परमार्थ शिविर के सर्टिफिकेट भी समाज गणमान्य श्रावक श्राविकाओ के कर कमलो से दिये गये।







# एकमात्र हिंदू धर्म है जो सर्वप्रथम प्रकृति की पूजा करता : हरिओम शर्मा

**सिघाना** । संघ शताब्दी वर्ष पावन अवसर पर यहां सिंघाना मंडल का भव्य विशाल हिंदू सम्मेलन बालक हाई स्कूल प्रांगण सिंघाना में आयोजित किया गया. सम्मेलन में सनातन संस्कृति की मजबूती, सामाजिक समरसता तथा हिंदू एकता को सुदृढ़ करने साथ-साथ संघ द्वारा आह्वान किए गए पंच परिवर्तन को जीवन में अपने का संकल्प लिया गया

सम्मेलन में परम परम पूज्य संत स्वामी अखंडानंद जी महाराज कहा कि आज यह मंच सम्मान से बना है यह सम्मान हमारे घर परिवार में होना चाहिए आज हिंदू समाज एक दीपक की ज्योति के समान जल रहा है आज विरोधी ताकत संगठित हिंदू समाज रूपी दीपक को बुझाने का काम कर रहे हैं लेकिन हमें संगठित होकर काम करना आने वाली चुनौतियों का सामना करना है

मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा अपने ओजस्वी धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 1925 में परम पूजनीय सरसंघचालक केशव बलिराम हेडगेवार जी ने संघ को रोपित किया वह एक वाट पक्ष बन गया है आज हम संघ का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं आज हमें प्लास्टिक के पौधे की पूजा करने वाले प्रकृति के पूजन का महत्व बता रहे हैं आज मत्तांतरण जाल खिलाया जा रहा है जाति में बांटने काम किया जा रहा है एक व्यक्ति धर्म दिन होता है एक हिंदू घटा नहीं वह हमारा दुश्मन बन जाता है भारत भूमि पर देशभक्त का जन्म हुआ है महाराणा प्रताप शिवाजी महाराज टंट्या मामा बिरसा मुंडा जैसे महान क्रांतियां का जन्म हुआ वह हमारे लिए प्रेरणा देने वाले हैं साथ ही हमें संघ के शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन पर हमको चलना है हमारे परिवार में कुटुंब प्रबोधन सामाजिक समरसता साथ रहना चाहिए ।

विशेष अतिथि मातृशक्ति डॉक्टर कविता शर्मा धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नारी अपनी शक्ति को पहचानें और परिवार को एकजुट रखते हुए, अपनी संतानों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा दे । कार्यक्रम में हिंदू सम्मेलन संयोजक खेमाजी सेप्टा, बाबू नाथ योगी , मनोहर गर्ग , श्याम गोराना, दिलीप राठौड़, लोकेंद्र सिंह सेगर, मोतीलाल अलावा , किशोर कलमिया , बाबूलाल अलावा, रतन पिचोडी, महेश कोली , कल्लू प्रजापत, सुभाष वर्मा , इंदर सिंह, ठाकुर , हरि भाई पटेल , मधु भाई, मंडलोई , सुरेश गंगवाल, मोहन सेन , कालू मालवीय, गोपाल यादव , महेंद्र कुशवाहा , राज भाटिया , नाजिया मेघवाल, गणेश गायकवाड , जगदीश शिंदे , ओम प्रकाश शर्मा , नटवरलाल नामदेव , प्रकाश सोनी, धन्नालाल सालवी , बाबूनाथ मालवीय धोबी, गोपाल गहलोत ,मंसाराम पाटीदार ,चंपालाल पाटीदार, प्रमोद पाटीदार ,कमल पाटीदार ,दयाराम पाटीदार ,सुनील परिहार ,गोलू परिहार शंकर अच्छालिया मंचासीन रहे. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश व्यास कवि पंकज राठौर ने किया वह आभार रामेश्वर चौधरी ने माना.

**एक नजर** ▸ **मुनिश्री कोमलकुमारजी आदि ठाणा ने दिया आशीर्वचन**

# 200वीं जन्म जयंती वर्ष पर आयोजित शिविर में लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**मेघनगर।** मानवसेवा, जीवदया के कार्यों की प्रेरणा और उपदेश प्रदान करने वाले विश्व पूज्य दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेन्द्र सुरीश्वरजी महाराजा की 200वीं जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद राष्ट्रीय ईकाई के आव्हान पर स्थानीय परिषद परिवार ने रोटरी क्लब अपना के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व सरपंच हृदयस्थ मनोहरजी कावड़िया (नेताजी) की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को स्थानीय कन्या प्राथमिक शाला में पारुल सेवाश्रम हॉस्पिटल वडोदरा के सहयोग से विशाल नि:शुल्क सर्वरोग निदान एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया।

प्रात: 10 बजे दादा गुरुदेव, पुण्य सम्राट गुरुदेव एवं हृदयस्थ मनोहरजी कावड़िया (नेताजी) के चित्र के समक्ष नगर के वरिष्ठ मनोहरलाल चौरडिया, दिलीप कोठारी, भरत मिस्त्री, पंकज रांका, शैलेश भंडारी, पारुल हॉस्पिटल के एडमिनिस्ट्रेटिव हेड राकेश पटेल, रमेश भट्ट, महिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता कावड़िया, श्रीमती मधुबाला





चौरड़िया, माया शर्मा, विमला कोठारी, सपना भंडारी, रुचिता कावड़िया आदि ने धूप - दीप प्रज्वलन, एवं माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया। पश्चात आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनि श्री कोमलकुमारजी ने शिविर में निश्रा प्रदान कर अपने आशीर्वचन में फरमाया कि, हमे यह प्रभु महावीर का शासन मिला है, तो हमे अपनी आत्मा के कल्याण के साथ साथ मानवसेवा के कार्य भी अवश्य करना चाहिए।

दादा गुरुदेव के द्विजन्म शताब्दी वर्ष में आयोजित मानवसेवा का यह कार्य आपको अपने अंतिम लक्ष्य तक ले जाएगा। पश्चात मुनिश्री ने समस्त ओपीडी में पहुंच कर जानकारी भी ली एवं उपस्थित डॉक्टर्स एवं मरीजों को आशीर्वाद भी प्रदान किए।

## डॉक्टर्स एवं संस्थाओं का किया अभिनंदन

कावड़िया परिवार द्वारा रोटरी क्लब अपना एवं परिषद परिवार से साथ मिलकर शांतिलाल लोढ़ा, दिविक कावड़िया, किशनलाल प्रजापत, बाबूसिंह हाडा, पंकज बडोला, मुकेश मेहता, पार्षद राखी जैन, आदि द्वारा वडोदरा पारुल सेवाश्रम हॉस्पिटल वडोदरा से आए मैनेजर राकेश पटेल, रमेश भट्ट, डॉ धुर्वेशसिंह (मेडिसिन), डॉ हर्ष (सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ अनुभव (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ धुर्वी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ सरगम (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ यामिनी (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ प्रीति (चर्म रोग विशेषज्ञ), डॉ फैनिल ( श्वह्रअ विशेषज्ञ), डॉ सिद्धि, डॉ हितेश, डॉ मिली एवं 25 से अधिक सहायक नर्सिंग स्टाफ का बहुमान किया गया। वही कावड़िया परिवार द्वारा रोटरी क्लब अपना एवं परिषद परिवार का भी इस आयोजन में सहयोग एवं सहकार हेतु अभिनंदन किया गया।

**200 रजिस्ट्रेशन 600 ओपीडी हुई नि:शुल्क वितरित की दवाईयां**- रोटरी क्लब अपना के पंकज रांका एवं नवयुवक परिषद अध्यक्ष देवेंद्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि, प्रात: से ही जांच करवाने, एवं स्वास्थ्य लाभ लेने वाले नागरिक प्राथमिक विद्यालय में एकत्रित होने लगे। सभी ने अपना पंजीयन करवाया जिसमें दोपहर 01.30 बजे तक 200 लोगों ने पंजीयन करवाया एवं अलग अलग विशेषज्ञ डॉक्टर्स को परीक्षण करवाया इस प्रकार कुल 600 ओपीडी हुई।

महिला परिषद प्रचार मंत्री वर्षा जैन ने बताया कि, उक्त शिविर में ब्लड शुगर, ईसीजी, नेत्र की जांच भी नि:शुल्क की गई एवं चश्मों के नंबर भी निकाले गए। तरुण परिषद अध्यक्ष रवि जैन ने बताया कि, शिविर में मरीजों को दवाईयां भी नि:शुल्क वितरित की गई।

# सारंगी मंडल में हुआ भव्य हिंदू संगम

**सारंगी।** सारंगी मण्डल में रविवार को आयोजित विशाल हिंदू संगम अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की मातृशक्ति, युवा एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: विशाल कलश यात्रा से हुई, जो गंगा जलिया कुएं से प्रारंभ होकर लक्ष्मीनारायण मंदिर तक निकली

यात्रा के दौरान पूरा नगर भगवा ध्वजों, जयकारों और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा.. इसके उपरांत छात्रावास मैदान में आयोजित भव्य धर्मसभा में संत, मातृशक्ति एवं संघ की और से आए वक्ताओं में दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका शिल्पा जी वर्मा , संत समाज से गढ़ावदिया धाम के पूज्य गुरुदेव श्री श्रीधर जी वैरागी महाराज एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रतलाम विभाग के जनजातीय विभाग प्रमुख श्री राजेश जी डावर ने समाज को मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने हिंदू समाज को एकजुट रहने, अपनी संस्कृति व परंपराओं की रक्षा करने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया।


IRCTC

**इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम-नवरत्न)
सीआईएन नंबर - L74899DLI999GOI101707

आईआरसीटीसी - वेस्ट झोन निम्नलिखित ओपन ई-टेंडर (दो पैकेट सिस्टम के माध्यम से) आमंत्रित करता है:-

| इकाइयों | विवरण | साइट पर टेंडर दस्तावेज की उपलब्धता |
|---|---|---|
| रिफ्रेशमेंट रूम/जन आहार | वेस्ट झोन के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रिफ्रेशमेंट रूम और जन आहार में कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए ओपन ई-टेंडर सह नीलामी। | 05/01/2026, 12:00 बजे से |

टेंडर डॉक्यूमेंट डाउनलोड करने और हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर जा सकते हैं।

अगर ऊपर दिए गए विज्ञापन पर कोई सुधार/अतिरिक्त जानकारी जारी की जाती है, तो उसे सिर्फ वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCT** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑफिस का पता:-** जीजीएम,वेस्ट झोन ऑफिस, ग्राउंड फ्लोर, फोर्ब्स बिल्डिंग, चरणजीत राय मार्ग, फोर्ट, मुंबई **400001. फोन:** 022-47509565-8815

अपना खाना ऑनलाइन बुक करने के लिए, कृपया **www.ecatering.irctc.co.in** पर लॉग ऑन करें या "Food on Track" मोबाइल APP डाउनलोड करें।